C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 7:11 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 5:26 बजे

सांध्य दैनिक
उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी वर्ष 16 अंक 34 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. शुक्रवार, 19 जुलाई 2024

विक्की कौशल ने इस बार सही से ...पेज-3 पर

News कॉर्नर

यूपी के बाद अब उत्तराखंड में भी कांवड़ मार्ग पर दुकानदारों को लिखना होगा नाम

देहरादून। कांवड़ मार्ग पर जो होटल, ढाबे, रेस्टोरेंट हैं या जो रेड़ी-पटरी वाले हैं उन्हें मालिक का नाम लिखना होगा। उत्तर प्रदेश की तरह अब उत्तराखंड में भी कांवड़ यात्रा के रूट पर दुकानदारों को होटल और ढाबे वालों को रेट लिस्ट के साथ ही अपना नाम भी लिखना होगा। हरिद्वार पुलिस प्रशासन ने रेस्टोरेंट मालिकों को कांवड़ यात्रा मार्ग पर नाम प्रदर्शित करने का आदेश जारी किया है। हरिद्वार एसएसपी पद्मेंद्र डोबाल ने बताया कि कांवड़ मार्ग पर जो होटल, ढाबे, रेस्टोरेंट कांवड़ मार्ग पर हैं या जो रेड़ी-पटरी वाले हैं उन्हें मालिक का नाम लिखना होगा। ऐसा न करने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

कमिश्नर दीपक रावत ने निर्माणाधीन एम्स का किया निरीक्षण, पौधा लगाया

किच्छा। कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने शुक्रवार को किच्छा पहुंचकर निर्माणाधीन एम्स का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति जांची और पौधा भी लगाया। कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत शुक्रवार को किच्छा पहुंचे। कमिश्नर ने निर्माणाधीन एम्स का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति जांची और पौधा भी लगाया। इसके अलावा कमिश्नर दीपक रावत ने रुद्रपुर के रिंग रोड का भी निरीक्षण किया। साथ ही निर्माण की प्रगति जानी। अधिकारियों ने कमिश्नर को रिंग रोड के बारे में जानकारी दी।

लेह लद्दाख में उत्तरकाशी के जवान की मौत, आज पहुंचेगा पार्थिव शरीर

देहरादून

हमारे संवाददाता

जवान श्रवण चौहान का स्वास्थ्य अचानक खराब होने पर सेना ने उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान श्रवण का देहांत हो गया।

भारतीय सेना में लेह लद्दाख सीमा पर तैनात उत्तरकाशी जिले की बड़कोट तहसील के लाल श्रवण चौहान की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। श्रवण की मौत की सूचना से उसके गांव सहित क्षेत्र में शोक की लहर है। श्रवण कुमार चौहान पुत्र शूरवीर चौहान भारतीय सेना की 14वीं बटालियन में लेह लद्दाख सीमा पर तैनात थे। बृहस्पतिवार को अचानक उनका स्वास्थ्य खराब होने पर सेना ने उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान श्रवण का देहांत हो गया। श्रवण का पार्थिव शरीर आज सुबह चंडीगढ़ पहुंचाया गया है। चंडीगढ़ से भारतीय सेना एंबुलेंस के जरिए सड़क मार्ग से मृतक जवान का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव सरनौल पहुंचाएगी। जिला पंचायत सदस्य आनंद सिंह राणा ने बताया कि श्रवण चौहान पांच भाई बहनों में से चौथे नंबर के थे। इनका एक बड़ा और दूसरा छोटा भाई भी सेना में भर्ती है।

सीएम धामी ने जताया शोक

लेह लद्दाख में उत्तराखंड के एक जवान विधानसभा यमुनोत्री के ग्राम सरनौल निवासी श्रवण चौहान बलिदान हो गए हैं। सीएम धामी ने ट्वीट कर जवान के बलिदान होने पर शोक जताया। लेह लद्दाख में माँ भारती की सेवा करते हुए विधानसभा यमुनोत्री के ग्राम सरनौल निवासी वीर श्रवण चौहान जी के शहीद होने का अत्यंत दु:खद समाचार प्राप्त हुआ। ईश्वर से प्रार्थना है कि पुण्यात्मा को श्रीचरणों में स्थान एवं शोकाकुल परिजनों को यह असीम दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

भारत और अमेरिका में 147 उड़ानें रद्द

तकनीकी खराबी से भारत समेत दुनियाभर में उड़ानें ठप

नई दिल्ली

एजेंसी

बुकिंग ठप, चेक इन भी हुआ प्रभावित एयरलाइंस कंपनियों की सेवाएं माइक्रोसॉफ्ट क्लाउड आउटेज के कारण ठप हो गई हैं। फ्रंटियर ने कहा कि वह सामान्य परिचालन फिर से शुरू करने की प्रक्रिया में है। भारत में भी आकाशा और स्पाइसजेट की सेवाएं ठप पड़ी हैं। इंडिगो ने भी एडवाइजरी जारी की है।

माइक्रोसाफ्ट की क्लाउड सर्विस के ठप होने के कारण भारत और अमेरिका समेत दुनिया के कई देशों की एयरलाइंस प्रभावित हुई हैं। कई एयरलाइंस कंपनियों की फ्लाइट कैंसिल हुई हैं। इस आउटेज के कारण फ्लाइट बुकिंग, कैंसिलेशन से लेकर चेक-इन तक की सेवाएं प्रभावित हुईं हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक फ्रंटियर, एलीगेंट और सनकंट्री जैसी बड़ी एयरलाइंस कंपनियों की सेवाएं माइक्रोसॉफ्ट क्लाउड आउटेज के कारण ठप हो गई हैं। फ्रंटियर ने कहा कि वह सामान्य परिचालन फिर से शुरू करने की प्रक्रिया में है। भारत में इंडिगो, आकाशा और स्पाइसजेट ने भी सेवा ठप होने को लेकर एडवाइजरी जारी की है।

फ्रंटियर ने पहले कहा था कि एक माइक्रोसॉफ्ट तकनीकी खराबी ने उसके परिचालन को अस्थायी रूप से प्रभावित किया है। सनकंट्री ने कहा कि थर्ड पार्टी वेंडर ने उसकी बुकिंग और चेक-इन सुविधाओं को प्रभावित किया। एलीगेंट ने सीएनएन को दिए एक बयान में कहा, माइक्रोसॉफ्ट ऑजूर में दिक्कत के कारण एलीगेंट वेबसाइट भी डाउन हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक इस आउटेज के कारण फ्रंटियर ने 147 उड़ानें रद्द की है और 212 का समय बदला गया है। इसके अलावा एलीगेंट की 45 फीसदी उड़ानें देरी से हुई हैं। सन कंट्री की 23 प्रतिशत उड़ानों को भी देर से शुरू किया गया है। कम्युनिकेशन में दिक्कत के कारण अमेरिकन एयरलाइंस ने भी अपनी सभी उड़ानें रोक दीं हैं। माइक्रोसॉफ्ट ने कहा है कि यह आउटेज भारतीय समयानुसार 19 जुलाई को सुबह करीब करीब 3.30 बजे शुरू हुई। कंपनी ने कहा है कि आईटी की टीम इसे ठीक करने के लिए लगातार काम कर रही है।

पैसे नहीं दिए तो छोटे भाई को ही जान से मार डाला

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

नशे की लत के कारण एक युवक ने अपने भाई को गवा दिया। रुपये नहीं देने पर बड़े भाई ने अपने ही छोटे भाई के सिर पर बल्ली से वार कर दिया। उसे गंभीर हालत में बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मामले में सबसे बड़े भाई की तहरीर पर पुलिस ने हत्यारोपी भाई पर गैर इरादतन हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पुलिस आज उसे न्यायालय में पेश करें गौरतलब है कि मुखानी थाना क्षेत्र के बच्चीनगर-1 लामाचौड़ निवासी हरीश चंद्र जोशी पुत्र स्व गिरीश चंद्र जोशी ने गुरुवार को अपने तीसरे नंबर के भाई मनोज जोशी के खिलाफ पुलिस में सबसे छोटे भाई सूरज जोशी की हत्या के मामले की तहरीर दी। बताया कि सूरज बेरोजगार था और मां के साथ बच्चीनगर में रहता था। पांच भाइयों में वह सबसे छोटा था। जबकि मनोज तीसरे नंबर का है। आरोप है कि बीते 14 जुलाई की रात करीब 9 बजे सूरज और मनोज घर के बाहर थे। इस बीच मनोज ने सूरज से नशा करने के लिए रुपये मांगे। लेकिन सूरज ने रुपये नहीं होने पर मना कर दिया। इस पर मनोज ने झगड़ा शुरू कर दिया और वहीं पास में पड़ी बल्ली को उठाकर सूरज के सिर पर मार दी। जिससे सूरज लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया। परिजनों ने मामले की सूचना मुखानी थाना पुलिस को दी और सूरज को लेकर हल्द्वानी के एक निजी अस्पताल में पहुंचे। हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने सूरज को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। परिजन उसको लेकर बरेली स्थित निजी अस्पताल पहुंचे, जहां इलाज के दौरान 16 जुलाई को उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मुखानी एसओ पंकज जोशी ने बताया कि नशे के लिए रुपये मांगने का मामला है। आरोपी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है। इससे पहले भी आरोपी दो बार अलग-अलग मामलों में जेल जा चुका है। पंकज जोशी ने बताया कि आरोपी भाई को कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

सीएम योगी का बड़ा फैसला: कांवड़ मार्ग में दुकानों पर लिखना होगा नाम

लखनऊ

एजेंसी

अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सामाजिक सद्भाव की दुश्मन है। समाज का भाईचारा बिगाड़ने का कोई न कोई बहाना ढूंढ़ती रहती है। भाजपा की इन्हीं विभाजनकारी नीतियों के चलते प्रदेश का सामाजिक वातावरण प्रदूषित हो रहा है।

मुख्यमंत्री योगी ने कांवड़ यात्रियों के लिए बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पूरे यूपी में कांवड़ मार्गों पर खाने-पीने की दुकानों पर संचालकों-मालिकों का नाम और पहचान बतानी होगी। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रियों की आस्था की शुचिता बनाए रखने के लिए यह फैसला लिया गया है। इसके अलावा हलाल सर्टिफिकेशन वाले प्रोडक्ट बेचने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई होगी। उधर, इस फैसले का अखिलेश यादव और मायावती ने कड़ा विरोध किया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सामाजिक सद्भाव की दुश्मन है। समाज का भाईचारा बिगाड़ने का कोई न कोई बहाना ढूंढ़ती रहती है। भाजपा की इन्हीं विभाजनकारी नीतियों के चलते प्रदेश का सामाजिक वातावरण प्रदूषित हो रहा है। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा को लेकर मुजफ्फरनगर पुलिस ने नया फरमान जारी किया है कि ठेले-ढाबे सहित सभी दुकानदार अपना नाम बाहर जरूर लिखें। इसके पीछे सरकार की मंशा अल्पसंख्यक वर्ग को समाज से अलग बांटने और उन्हें शक के दायरे में लाने की है। जिसका नाम गुड्डू, मुन्ना, छोटू या फत्ते है, उसके नाम से क्या पता चलेगा।

स्कूल में घुसा बाघ, देखने के लिए उमड़ा हुजूम, खबर निकली झूठी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

शायद आप लोगों ने यह कहावत तो सुनी होगी की खोदा पहाड़ निकली चुहिया यह कहावत बनभूलपुरा के मुजाहिद चौक पर चरितार्थ होती दिखाई दी।

बीती देर रात वनभूलपुरा के राजकीय बालिका इंटर कालेज में गुलदार दिखने की खबर मात्र से लोगों का सैलाब सड़क पर उतर आया। हालांकि इस खबर की पुष्टि नहीं हो पाई है कि वह वाकई में गुलदार था। अफवाह फैली तो मौके पर लोगों का जमावड़ा लग गया। लोग तरह-तरह की बातें करने लगे। इतनी बड़ी आबादी के बीच गुलदार के घुसने की अफवाह बेमानी नजर आ रही है। लोग गुलदार की फोटो तक लेते देखे गए। दरअसल मुजाहिद चौक में राजकीय बालिका इंटर कालेज है। रात करीब साढ़े ग्यारह बजे अफवाह फैल गई कि बालिका इंटर कालेज में बाघ घुस गया। स्कूल में बाघ क्या घुसा लोग तमाश बीन बन गए और सैकड़ों का रेला सड़क पर उतर आया। हालांकि अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई है कि वनभूलपुरा में गुलदार या बाघ की इंट्री हुई है।

बता दें कि पिछले कई दिनों से शहर की आबादी में गुलदार की धमक देखने को मिल रही है।

तिकोनिया के गुरूनानकपुरा, नवाबी रोड आदि में भी गुलदार देखा जा चुका है। इसके बाद गुरूवार की रात को गांधीनगर में गुलदार के पानी की टंकी में बैठे होने की अफवाह फैल गई। लेकिन पानी की टंकी पर बैठा गुलदार ही था, इसकी पुष्टि नहीं हो पाई। वहीं गफ्फारी मस्जिद के पास भी गुलदार देखे जाने की चर्चा आम रही, गुलदार आ गया। लेकिन इसकी पुष्टि अभी तक नहीं हो पाई है। गफ्फारी मस्जिद के पास गुलदार दिखने की बात भी कोरी बकवास ही लग रही है।

धरा को संरक्षित करने को पौधरोपण जरुरी: अजय

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी लामाचौड़ मंडल के शक्ति केंद्र भगवानपुर तल्ला स्थित प्रगतिशील कालोनी नियर प्रायमरी स्कूल के पास पार्क में एक वृक्ष माँ के नाम योजना के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन अजय कुमार द्वारा पौधरोपण कर किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहाँ कि आज पुरा विश्व पर्यावरण कि समस्या से जूझ रहा है और विकास की आंधी में जंगल कम हों रहे है। आज हम सभी को धरा को संरक्षित कर अधिक से अधिक पौधे लगाने की आवश्यकता है। पर्यावरण संरक्षण के लिये प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता एक वृक्ष माँ के नाम लगाकर उसको संरक्षित भी करेगा। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड प्राचीन काल से ही पर्यावरण संरक्षण के लिये कार्य कर रहा है और प्रतिवर्ष हरेला पर्व के रूप में पौधरोपण किया जाता है। इस वर्ष सभी को एक वृक्ष माँ के नाम लगाने को प्रेरित किया जायेगा। कार्यक्रम में विभिन्न फलदार पौधे लगाये गये। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, जिला महामंत्री रंजन बर्गली, जिला उपाध्यक्ष प्रतिभा जोशी, जिला मीडिया प्रभारी भुवन भट्ट, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कार्तिक हरबोला, नवीन भट्ट, महेश शर्मा, महबूब अली आदि मौजूद रहे।

हंगामा: विधायक और डीएम के बीच में जमकर हुई बहस

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

सर्किट हाउस में सांसद अजय भट्ट के अध्यक्षता में दिशा की बैठक की दिशा उसे वक्त बदल गई जब विधायक ने हंगामा कर दिया विधायक और जिलाधिकारी के बीच में जमकर बहस हुई। पूरा मामला आपदा के तहत गोला नदी में चैनेलाइजेशन को लेकर है जिसमें सिंचाई विभाग द्वारा वर्तमान में पोकलैंड लगाकर काम किया जा रहा है जबकि विधायक ने सिंचाई विभाग को काम दिए जाने को लेकर आपत्ति जताई। जबकि जिलाधिकारी का कहना था कि उनके द्वारा वन विभाग को काम किए जाने को कहा गया है। सांसद के सामने ही काफी लंबे समय तक यह बहस चलती रही अंत में संसद को कहना पड़ा कि आखिर जिले में यह चल क्या रहा है।

को आग से रोकथाम को लेकर बैठक आयोजित

नैनीताल। विकासखंड ओखलकांडा के ग्राम पंचायत बड़ौन में जिलाधिकारी के आदेशों के क्रम में जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी द्वारा वनों को आग से रोकथाम करने हेतु एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामवासियों को वनों में लगने वाली आग से हो रहे नुकसान के बारे में बताया गया, तथा ग्राम पंचायत स्तर पर आग लगने पर सभी ग्राम वासियों को बचाव करने की अपील की गई एवं गर्मी के मौसम को देखते हुए रास्ते में बीड़ी सिगरेट जली हालत में ना फेंकने के निर्देश दिए तथा खुले में कूड़ा ना जलाने की हिदायत दी तथा आग बुझाने हेतु स्वयं सहायता समूह तथा युवक मंगल दल एमहिला मंगल दलों से सहयोग की अपील की गई।

बैठक में विकासखंड स्तर से सहायक विकास अधिकारी पंचायत विनोद कुमार भट्ट, सहायक खंड विकास अधिकारी देशराज, उप कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा राजेंद्र भट्ट, ग्राम विकास अधिकारी संतोष कुमार ग्राम पंचायत अधिकारी दीपचंद जोशी मनरेगा सौरभ मेहता एवं कई ग्रामवासी उपस्थित रहे।

डॉ. नर सिंह ने किया स्वास्थ्य निदेशक का कार्यभार ग्रहण

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं मंडल के मंडलीय स्वास्थ्य निदेशक के रुप में गुरूवार को डॉ. नर सिंह गुंजियाल ने अपना कार्यभार ग्रहण किया। इससे पूर्व वह पिथौरागढ़ में रेडियोलॉजिस्ट के पद पर कार्यरत थे। कार्यभार संभालने के बाद डा. गुंजियाल ने कहा कि कुमाऊं मंडल में स्वास्थ सुविधाओं में सुधार करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। कहा कि मंडल में डॉक्टरों तथा अन्य रिक्त पदों को भरने के लिए शासन स्तर पर पत्राचार के साथ ही जो भी उचित कार्यवाही होगी की जायेगी। इससे पूर्व उनके कार्यभार ग्रहण करने के बाद राजकीय बी.डी.पांडे जिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. महिमन सिंह दुग्ताल समेत डॉ. वीके पुनेरा, जानकी कनवाल, मेटर्न शशिकला पांडे, हेमा जोशी, डॉ. कुलदीप यादव, हीरा गिरी. हरीश, दिनेश, अनवर, गौरव तथा अमीचंद आदि ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दी। बता दें कि पूर्व में इस पद पर डा.तारा आर्या तैनात थी,उनकी पदोन्नति स्वास्थ्य महानिदेशक के पद पर हो जाने की वजह से यह पद रिक्त चला आ रहा था।

अंडर-14 प्रतिभा चयन प्रक्रिया के चयन परीक्षण का हुआ समापन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

खेल विभाग के तत्वावधान में आयोजित एक कार्यक्रम में खेल प्रेमियों और अधिकारियों की उत्साह व भागीदारी देखी गई। नगर के डीएसए मैदान में मुख्यमंत्री उदयीमान खिलाड़ी योजना (अंडर-14) प्रतिभा चयन प्रक्रिया के चयन परीक्षण बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुए।

इस कार्यक्रम का आयोजन जीजीआईसी नैनीताल की प्रधानाचार्य व सह समन्वयक रेखा नेगी के समन्वय में किया गया और इसका उद्घाटन डीएसए के महासचिव अनिल गढिया द्वारा किया गया। चयन परीक्षण सुबह 8.30 बजे शुरू हुआ जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभाशाली खिलाडियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान एमबी स्कूल से कुंवर रावत और सुनीता यादव, भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता और नैनीताल जिला अस्पताल से डॉ. गौरव सिंह शामिल थे जिन्होंने प्रतिभागियों के चिकित्सा स्वास्थ्य की देखभाल सुनिश्चित की। लगभग 70 खिलाडियों ने चयन परीक्षण में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम को सफ ल कराने में सुनील कुमार, एमओ रियान और गौरव नयाल ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। चयन परीक्षण में अर्चना गुप्ता, विभा वर्मा, बबीता जोशी, ममता विद्यार्थी, पूजा आर्य, नीतू, सलीक मैट,गोविंद सिंह बोरा व आलोक भट्ट की भागीदारी ने युवा प्रतिभाओं के व्यापक मूल्यांकन को सुनिश्चित किया। यह पहल युवा खेल प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें उत्कृष्टता प्राप्त करने के अवसर प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

NEWS / फटाफट

मौसम परिवर्तन से रोगियों की संख्या बढ़ रही

नैनीताल । सरोवर नगरी में लगातार मौसम में हो रहे परिवर्तन की वजह से इन दिनों विभिन्न रोगियों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। दो दिन के अवकाश के बाद जब गुरुवार को अस्पताल खुला तो पर्ची बनाने के लिए मरीजों की लंबी कतार लग गयी। बता दें नगर में मौसम में हो रहे बदलाव की वजह से सर्दी जुकाम के साथ ही डायरिया समेत अन्य संक्रामक रोगों के मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने मरीजों से गुजारिश की है कि वह बदलते मौसम की वजह से खुले में बिक रहे खाद्य पदार्थ का सेवन न करते हुए बासी भोजन का भी उपयोग न करें साथ ही उबले पानी का ही प्रयोग करें।

चोरी के मामले में युवक को गिरफ्तार किया

नैनीताल। मल्लीताल गाड़ी पड़ाव क्षेत्र में स्पोर्ट्स की दुकान में चोरी के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से चोरी की नगदी और सामान भी बरामद किया गया है, जिसे न्यायालय पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक बुधवार को मल्लीताल निवासी पवन साह ने कोतवाली में तहरीर देते हुए कहा था कि अज्ञात व्यक्ति ने उनकी दुकान के शटर का ताला तोड़ अंदर गल्ले में रखी 20 हजार की नगदी और क्रिकेट बैट चोरी कर लिये। शिकायत के बाद कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 305 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर क्षेत्र का ही एक युवक चोरी को अंजाम देता हुआ दिखाई । मुखबिर की सूचना पर मंगोली चौकी इंचार्ज भूपेंद्र सिंह मेहता ने बुधवार देर रात गाड़ी पड़ाव निवासी देव जाटव को अयारपाटा क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।
मामले में कोतवाली के प्रभारी हरपाल सिंह ने बताया कि आरोपी के पास से 20 हजार की नगदी और चोरी के तीन क्रिकेट बैट बरामद कर लिए गए हैं। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में मनोज जोशी समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

एसपी हरबंश सिंह ने कोतवाली का निरीक्षण किया

नैनीताल। एसपी हरबंश सिंह ने गुरुवार को मल्लीताल स्थित कोतवाली का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मालखाना तथा कोतवाली दस्तावेजों के साथ ही मैस व शौचालय में साफ सफ ाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कोतवाल हरपाल सि ंह को ऑनलाइन जीडी में सभी सूचनाएं अंकित करने व कार्यालयी दस्तावेजों को दुरुस्त करने के साथ ही लंबित वादों का तेजी से निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने बीते दिवस कोतवाली स्तर पर दर्ज किये गए मामलों के साथ ही अन्य वादों के निस्तारण संबंधित दस्तावेजों की सघनता से जांच की जिसके बाद उन्होंने मैस का निरीक्षण कर कर्मियों को गुणवत्तापरक भोजन परोसने व मानसून के दौरान साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। कोतवाली स्तर पर महिलाओं की शिकायतों का प्रमुखता से निस्तारण करने को कहा। एसपी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान कोई खामी नहीं मिली है। सभी दस्तावेज पुख्ता पाए गए है। लंबित वादों को निस्तारण करने व ऑनलाइन जीडी में हर एंट्री चढ़ाने के निर्देश दिये गए है।

युवक और युवती फरार

नैनीताल। मल्लीताल क्षेत्र स्थित दो अलग-अलग प्रतिष्ठानों में काम करने वाले युवक और युवती फरार हो गए हैं। मामला अलग-अलग सम्प्रदाय से जुड़ा होने के कारण युवती के स्वजन तमाम लोगों के साथ कोतवाली पहुँचे जहां वह युवती की खोजबीन करने की गुहार लगाते रहे। जानकारी के मुताबिक मल्लीताल निवासी युवती और सात नंबर निवासी युवक मल्लीताल स्थित एक प्रतिष्ठान में कार्य करते थे। इस बीच दोनों के बीच प्रेम प्रसंग हो गया। दोनों अलग अलग सम्प्रदाय से जुडे होने के कारण स्वजनों की सहमति नहीं मिली तो गुरुवार सुबह युवती बिना बताए घर से कही चली गयी। घर पर वह एक नोट भी छोड़ गई। स्वजनों ने उसकी काफ ी तलाश की मगर कुछ पता नहीं चला। इधर युवक भी दुकान पर काम करने नहीं पहुंचा तो स्वजनों और लोगों को दोनों के साथ में भाग जाने का शक हुआ। युवती के स्वजनों ने कोतवाली पहुँच दोनों की तलाश करने की गुहार लगाई। मामले में कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि फ रार युवक व युवती दोनों बालिग हैं।

नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

श्रमिकों की समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तरांचल वन श्रमिक संघ रानीबाग नैनीताल की एक महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को भवाली वन विश्राम भवन में आयोजित की गई। बैठक में दैनिक श्रमिकों की समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की गयी।

बैठक में मुख्य रूप से मूल वेतन के साथ मंहगाई भत्ता जो कि वर्ष फ रवरी 2020 से उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के आदेश व राज्यपाल के सहर्ष स्वीकृति के पश्चात् उत्तरांचल वन श्रमिक संघ रानीबाग नैनीताल के दैनिक श्रमिको को लगातार प्राप्त हो रहा था, परन्तु वर्ष नवम्बर 2023 से विभाग द्वारा इस पर रोक लगा दी गई है, जिससे दैनिक श्रमिक काफ ी हताश हुए हैं। इसी क्रम में दैनिक श्रमिकों के विनियमितिकरण की कार्यवाही की जा रही थी, जिसमें सरकार द्वारा 2013 की

विनियमितिकरण नियमावली पर स्टे होने के कारण रोक लगा दी गई थी,परन्तु वर्तमान समय में कोर्ट से 2013 की विनियमितिकरण नियमावली पर लगा स्टे खारिज होने के पश्चात् भी वन विभाग श्रमिकों के विनियमितिकरण (जो कि दशकों से कार्यरत हैं) की ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है, जबकि संघ द्वारा उपरोक्त विषयों पर देहरादून में वन सचिव/वन विभाग के उच्च अधिकारीयों से कई पत्राचर किये जा चुके हैं। बैठक में दैनिक श्रमिकों के बीमा, वेतन में ई0पी0एफ 0, प्रतिमाह के वेतन समय पर न मिलने व साथ ही दैनिक श्रमिक वनाग्नि, रात्रीगश्त, मानव वन्य जीव प्रकरण अनेक प्रकार के जोखिम भरे कार्यों में अपना पूर्ण सहयोग देते हैं, उसके उपरान्त भी उनके वेतन व विनियमितिकरण व बीमा आदि जैसे प्रकरणों को संज्ञान में नहीं लिया जा रहा है, जिससे सम्पूर्ण कुमांऊ व गढ़वाल के दैनिक श्रमिक जो इस संघ से जुड़े हुए है काफी चिन्तित व आक्रोश में हैं। बैठक के0के0 जोशी एडवोकेट व जीवन सिंह रजवार अध्यक्ष उत्तरांचल वन श्रमिक संघ की अध्यक्षता में सम्पन्न कराई गयी। बैठक में जितेन्द्र सिंह रावत, महांमत्री, भूपाल सिंह बगड़वाल कोषाध्यक्ष समेत कुन्दन सिंह, नन्दन सिंह, नित्यानन्द पाण्डे,लाल सिंह जीना,उमेश चन्द्र तिवारी,मोहन चन्द्र जोशी, किशोर सिंह, तारा सिंह, संतोष सिंह,राजेन्द्र कुमार, दलीप सिंह तथा रूपा देवी आदि उपस्थित रहे।

अभिमत

भेदभाव पर सवाल

हाईकोर्ट ने सहमति से नाबालिग लड़की-लड़के के बीच डेटिंग के मामले में सिर्फ लड़के को जेल भेजने पर सवाल उठाया है। महिला अधिवक्ता ने याचिका दायर की है। अधिवक्ता ने जेल में जाकर देखा कि 20 लड़के जेल में बंद थे, जबकि उनके साथ डेटिंग करने वाली लड़कियों को समझाबुझाकर छोड़ दिया गया। यह मामला नाबालिग लड़के-लड़कियों का है। इससे पहले सुप्रीमकोर्ट ने वयस्क युवतियों द्वारा लम्बे समय तक शारीरिक संबंध बनाने के बाद दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराने पर टिप्पणी की थी कि सहमति से संबंध बनाने पर दुष्कर्म कैसे हो सकता है और सिर्फ पुरुष को दोषी क्यों ठहराया जा सकता है?

सोशल मीडिया पर दोस्ती, शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध, लव जेहाद, धर्मपरिवर्तन और दुष्कर्म के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। नैनीताल हाईकोर्ट ने सहमति से नाबालिग लड़की-लड़के के बीच डेटिंग के मामले में सिर्फ लड़के को जेल भेजने पर सवाल उठाया है। महिला अधिवक्ता ने याचिका दायर की है। अधिवक्ता ने जेल में जाकर देखा कि 20 लड़के जेल में बंद थे, जबकि उनके साथ डेटिंग करने वाली लड़कियों को समझाबुझाकर छोड़ दिया गया। यह मामला नाबालिग लड़के-लड़कियों का है। इससे पहले सुप्रीमकोर्ट ने वयस्क युवतियों द्वारा लम्बे समय तक शारीरिक संबंध बनाने के बाद दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराने पर टिप्पणी की थी कि सहमति से संबंध बनाने पर दुष्कर्म कैसे हो सकता है और सिर्फ पुरुष को दोषी क्यों ठहराया जा सकता है? समाजशास्त्रियों ने अध्ययन करके इसे भेदभाव माना है, अब हाईकोर्ट ने भी सवाल उठाया है। दरअसल सोशल मीडिया का सदुपयोग कम और दुरुपयोग ज्यादा किया जा रहा है। दुरुपयोग से अपराधों में वृद्धि हुई है। महानगरों से लेकर सुदूरवर्ती पर्वतीय क्षेत्र और गांवों की किशोरी, वयस्क युवतियां, विवाहिता व बच्चों वाली महिलाएं फेसबुक, इंस्ट्राग्राम पर दोस्ती करती हैं। परिवार को बताये बिना पुरुष मित्र से मिलने अंतर्राज्यीय शहरों में पहुंच जाती हैं। शारीरिक संबंध बनने के बाद पुरुष मित्र पर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाते हुए दुष्कर्म के मामले में पुलिस को तहरीर दी जाती है। शीर्ष अदालत ने एक फैसले में स्पष्ट कहा है कि सहमति से शारीरिक संबंध को दुष्कर्म नहीं कहा जा सकता है। एक तरफ केन्द्र सरकार ने तीन नये कानून लागू करके ब्रिटिश शासनकाल के सौ से अधिक वर्ष पुराने कानून में संशोधन किया है और दूसरी तरफ दुष्कर्म के आरोप में एक ही भाषाशैली में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म तथा अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने, धमकी देकर बार-बार शारीरिक संबंध की रिपोर्ट दर्ज करने का क्रम चल रहा है। ऐसा नहीं है कि किशोरी, वयस्क युवती अथवा महिलाओं के साथ अपराध नहीं होते हैं, लेकिन दोस्ती करना और घर से भागकर डेटिंग तथा सहमति से शारीरिक संबंध बनाने के मामलों में पुरुष को एकतरफा दोषी नहीं ठहराया जा सकता है। सार्वजनिक जीवन में आजादी और आधुनिकता के नाम पर समाज में विकृतियां उत्पन्न हो रही हैं। वैवाहिक रिश्ते और परिवार का तानाबाना तार-तार हो रहा है। परिवार टूट रहे हैं। पति-पत्नी के संबंध विच्छेद होने के मामले बढ़ रहे हैं। किशोर उम्र के छात्र-छात्रा दिशा भटक रहे हैं। ऐसे मामलों में भेदभाव से जेल में बंद लड़कों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है और एकतरफा कार्रवाई से पुरुषों के साथ अन्याय हो रहा है।

साढ़े चार एकड़ पर बन रही कालोनी पर चला बुलडोजर

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण ने साढ़े चार एकड़ में विकसित हो रही कालोनी पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की है। टीम ने बैगुल नदी किनारे बनाई गई दीवारों को भी तोड़ दिया।

नगर के उपाध्यक्ष अनाधिकृत कालोनियों जिनके विरूद्ध नियमानुसार ध्वस्तीकरण आदेश पारित है। ध्वस्तीकरण कार्रवाई किये जाने के निर्देश के अनुपालन में गुरुवार दोपहर को रूद्रपुर की गढ़ढा कॉलोनी के पीछे, निकट शास्त्री नगर में 4.50 एकड़ भूमि में अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी की विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। इसके साथ ही टीम में शामिल अधिकारियों ने बैगुल नदी किनारे बनाई गई दीवारों को भी तोड दिया। अधिकारियों ने भूमि की सीमा का पैमाईश करते हुए चौड़ीकरण का कार्य शुरू किया गया।

कार्रवाई

- **बिना नक्शे से बनाई जा रही थी कालोनी**
- **बैगुल नदी किनारे तक बनाई दीवारों को भी तोड दिया**

यह कार्रवाई सचिव जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, ऊधमसिंह नगर के नेतृत्व में की गई। टीम में नगर निगम रूद्रपुर, सिंचाई विभाग, राजस्व विभाग आदि शामिल थे। जिला प्राधिकरण उपाध्यक्ष,रूहेला ने बताया कि अनाधिकृत कालोनियों आदि के विरूद्ध भविष्य में भी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कालोनाईजरों से कहा कि विधिवत मानचित्र/तलपट मानचित्र स्वीकृत किये जाने के बाद ही निर्माण/विकास की कार्यवाही करें। नदी नाले के प्रवाह क्षेत्र में किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य ना किया जाये। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर इस तरह की कालोनी विकसित की गई तो कार्रवाई होगी।

लोनिवि कर्मियों ने 29 जुलाई से धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी

हल्द्वानी। लोक निर्माण विभाग, नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ की ओर से अधीक्षण अभियंता को पत्र सौंप 29 जुलाई से धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी गई है।

संघ के जिलाध्यक्ष हिमांशु पांडे ने बताया कि विभाग में तृतीय श्रेणी वाले कर्मचारियों से चौकीदारी, साफ-सफाई जैसे कार्य कराये जा रहे हैं। इससे कर्मचारियों में रोष है। उन्होंने बताया कि खंडीय कार्यालयों में कार्यरत वरिष्ठ अनुरक्षक एवं कार्य अभिकर्ता तृतीय श्रेणी के पद का कर्मचारी है लेकिन विभागीय अधिकारी उनसे चौकीदारी जैसी विपरीत कार्य करा रहे हैं।

लोनिवि के गेस्ट हाउस, अधिकारियों के घर आदि में इसी श्रेणी के कर्मचारी साफ-सफाई व चौकीदारी जैसे कार्य कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष हिमांशु ने कहा कि यदि 28 जुलाई तक वरिष्ठ अनुरक्षक व कार्य अभिकर्ताओं का स्थानांतरण खंडीय स्तर पर न किया गया तो 29 जुलाई से कर्मचारी अधीक्षण अभियंता कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन करेंगे।

विभागों में सालों से कार्यरत उपनल कर्मचारियों को हटाने से रोष

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड उपनल संविदा कर्मचारी संगठन की बैठक में 10-15 साल से कार्यरत कर्मियों को हटाने, ईएसआई की सुविधा का लाभ न दिये जाने जैसे मुद्दे उठाये गये।

शुक्रवार को संगठन के पदाधिकारियों की ऑनलाइन वर्चुअल बैठक हुई। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष रमेश शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार एक ओर तो उपनल कर्मियों का मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन होने की बात कहती है, वहीं दूसरी तरफ कर्मचारियों को लगातार विभागों से निकाला जा रहा है जबकि नियमितीकरण के मामले में स्थगन है। पिछले 10-15 सालों से कार्यरत कर्मचारियों को हटाया जा रहा है जो चिंतनीय है। बैठक में संगठन के महामंत्री प्रमोद गुसाईं ने कहा कि वर्तमान में जो सेवा नियमावली प्रचलित है उसका लाभ वर्षों से कार्यरत उपनल कर्मचारियों को मिलना चाहिए। इस मंहगाई के दौर में 1000 रुपए मानदेय वृद्धि करने से कोई लाभ नहीं मिल रहा। सरकार ने ईएसआई उपचार का लाभ छीन लिया है जबकि उपनल कर्मचारी अल्प वेतनभोगी है। महंगाई के इस दौर में इतने कम वेतन में जीवन यापन करना, बच्चों की फीस, मकान का किराया, दवा आदि खर्चों से उपनल कर्मचारियों के समक्ष आर्थिक संकट खड़ा हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को उपनल कर्मचारियों के हित में वर्तमान नियमावली 2013 यथा संशोधित 2018 के अनुसार वन टाइम सेटलमेंट किया जाय। राज्य कर, कृषि व अन्य विभाग से हटाए गए कर्मचारियों को शीघ्र बहाल किया जाय अन्यथा संगठन आंदोलन को विवश होगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूरन भट्ट ने मेडिकल कॉलेज व अन्य विभाग में कार्यरत कर्मचारियों के रिन्युअल को शीघ्र विभागीय स्तर से करने व अल्मोड़ा तथा अन्य जगह रूके हुए मानदेय का भुगतान समय से करने की मांग की। बैठक में विनोद बिष्ट ,श्याम मेवाड़ी, मनोज जोशी, अनिल कोठियाल, तेजा सिंह बिष्ट, मनोज कुमार, योगेश भाटिया, गणेश गोस्वामी आदि मौजूद थे।

यह हैं मांगें

उपनल के माध्यम से पिछले 10-15 वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों को न हटाने, मंहगाई सूचकांक के अनुसार प्रत्येक वर्ष मानदेय में 20 प्रतिशत बढ़ोतरी करने, लैब व ओटी टैक्निशियन, प्रयोगशाला सहायक, आईटीआई अनुदेशक आदि श्रेणी के पदों को उनकी शैक्षिक योग्यता एवं श्रम विभाग के शासनादेश के अनुसार उच्चीकृत किये जाने, ईएसआई की सुविधा पूर्व की भांति बहाल करने, राज्य कर, कृषि व अन्य विभागों से हटाए गए कर्मचारियों को उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए शीघ्र बहाल किये जाने, उपनल कर्मचारी की सेवाकाल के दौरान मृत्यु होने पर उसके आश्रित को नौकरी दिये जाने का प्राविधान करने, आश्रित परिवार को एकमुश्त सहायता धनराशि दिये जाने।

फिल्मी दुनिया

विक्की कौशल ने इस बार सही से थामा कॉमेडी का पल्लू

directed by
ANAND TIWARI

विकी कौशल की 'लव शव ते चिकन खुराना' से सही हुई लेकिन कॉमेडी में उनकी बाकी की तीनों 'लैंडिंग्स' ठीक नहीं रहीं। इस बार विक्की कौशल ने कॉमेडी की उड़ान उन आनंद तिवारी के साथ भरी है, जिनके साथ वह छह साल पहले 'लव पर स्क्वायर फुट' कर चुके हैं। विक्की कौशल बढ़िया अभिनेता हैं। 'डंकी', 'सैम बहादुर', 'सरदार उधम' और 'उरी' में वह खुद को साबित भी कर चुके हैं। स्टार मैटीरियल भी उनके भीतर है, ये फिल्म 'बैड न्यूज' पहली बार साबित करती है। सिद्धू मूसेवाला के साथ चले लंबे झगड़े के चलते सुर्खियों में रहे कनाडा निवासी पंजाबी गायक करण औजला के गाने 'तौबा तौबा' में विक्की कौशल ने यही स्टार मैटीरियल दिखाया ह। अमूमन फिल्म खत्म होने के बाद शुरू होने वाले गाने देखने के लिए लोग रुकते नहीं हैं लेकिन फिल्म 'बैड न्यूज' खत्म होती है तो ये गाना लोग पूरा देखते हैं। और, अकेले ये गाना फिल्म की टिकट के पैसे वसूल कराने की कूवत रखता है। फिल्म तो समझ लीजिए बोनस है। फिल्म 'बैड न्यूज' की कहानी सबको पता है। फिल्म का ट्रेलर बना ही इसी कहानी पर है। कहानी की पृष्ठभूमि ये है कि दिल्ली की एक पंजाबी पार्टी में अपनी मांओं के साथ आए अखिल और सलोनी बिल्कुल ठेठ पंजाबी स्टाइल में मिलते हैं। और, इसके पहले की दर्शक कुछ खास समझ पाएं दोनों शादी करके पंजाबी स्टाइल में ही हनीमून पर भी निकल जाते हैं। अखिल का अपना अतीत है।

अच्छी कॉमेडी फिल्म बनी

'शौक' और 'सपने' का फर्क समझाने निकली कहानी में दूसरा हीरो गुरबीर है, जिसके होटल में सलोनी दूसरी नौकरी करने जाती है। अखिल से चिढ़ी सलोनी गुरबीर के साथ हमबिस्तर होती है और उसी रात अपनी एनीवर्सरी मनाने पहुंचे अखिल को भी मना नहीं कर पाती है। अब इसके बाद फिल्म से फेमिनिज्म और साइंस का लॉजिक निकाल दिया जाए तो फिल्म एक अच्छी कॉमेडी फिल्म बन गई है।

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम कर्मियों ने निकाली रैली

देहरादून/नैनीताल

हमारे संवाददाता

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम द्वारा चलाया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के तहत गुरुवार को महासंघ के अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में निगम कर्मचारियों ने देहरादून के द्रोण होटल से शहीद स्मारक स्थल तक विशाल रैली निकाली।

इस दौरान राज्य अधिकारी कर्मचारी महासंघ के प्रतिनिधि भी धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल हुए। महासंघ के अध्यक्ष दिनेश गुरु रानी ने कहा कि निगम कर्मचारियों की यह ऐतिहासिक रैली थी। निगम के कर्मचारी अपनी एक सूत्रीय मांग नियमितीकरण को लेकर आंदोलनरत हैं। गुरुरानी ने कहा कि दोनों निगम के कर्मचारी निगम के देहरादून स्थित कार्यालय में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।

रैली में महासंघ के महामंत्री विजय पुरोहित, जोगिंदर लाल, संजय भट्ट, जयपाल ,कंचन चंदोला, रमेश कपकोटी, गौतम कुमार, पीतांबर दुमका, अनिल जोशियाल, श्याम लाल सेंजवाल सहित निगम के सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे।

News कॉर्नर

पेपर लीक मामले में सरकार का पुतला दहन

नैनीताल। जिला मुख्यालय नैनीताल में गुरुवार को एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने नीट परीक्षा के पेपर लीक मामले में सरकार का पुतला दहन किया। नगर अध्यक्ष आयुष आर्या द्वारा इस संपूर्ण कार्यक्रम का नेतृत्व किया गया जिसमें कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा सरकार होश में आओ,एनटीए को बैन करो के नारे लगाए। यहां करन कुमार, आयुष मेहरा, प्रियांशु बेलवाल, अभिषेक चंद्र आर्या, आरती रावत, आइशा मठपाल, रोहित जोशी तथा मो.अमन व एनएसयूआई कार्यकर्ता रहे ।

गिरे पेड़ को हटाने को लेकर दिया ज्ञापन

नैनीताल । अखिल भारतीय अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष के.एल.आर्य ने तल्लीताल स्थित दर्शनघर पार्क में बाबा साहेब डा.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष गेट पर एक पेड़ के गिरने के मामले को गंभीरता से लेते हुए नैनीताल वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी को ज्ञापन देकर तुरंत पेड को हटाने की गुजारिश की है। आर्य ने कहा कि पेड के गिरने की वजह से डा. अम्बेडकर की मूर्ति तथा गेट दोनों ही खतरे की जद में आ गये हैं। आर्य ने कहा है कि मूर्ति के अगल बगल में जितने भी प्रजातियों के पेड हैं उनकी टहनियां मूर्ति के ऊपर झुक गयी है, कहा कि वर्तमान में चल रहे मानसून सीजन के दौरान हो रही तेज बारिश व तेज हवा चलने की वजह से कभी भी इन पेड़ों से डाक्टर अम्बेडकर मूर्ति को नुकसान पहुंच सकता है।

उन्होंने टूटे पेड को हटाने के साथ ही मूर्ति की सुरक्षा को ध्यान में रखतें हुए तत्काल मूर्ति के अगल बगल के सभी पेड़ों की लौबिंग कराने की भी मांग की है।

समाज को उत्थान के लिए बेहतर कार्य कर रही है राज्य सरकार: खंडूरी

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए राज्य सरकार बहुत ही बेहतर कार्य कर रही है जहां समाज के सभी लोगों के विकास के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

गुरुवार दोपहर को विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी ओमेक्स कालोनी में वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ के आवास पर पहुंची। यहां पहुंचने पर चुघ परिवार ने विधानसभा अध्यक्ष का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने हरेला पर्व के अवसर पर पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का चहुंमुखी विकास किया जा रहा है, वहीं राज्य की सरकार सीएम पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में बेहतर कार्य कर रही है।

पर्यावरण के संवर्धन के लिए पौधारोपण बेहद आवश्यक है और जो भी व्यक्ति पौधारोपण करता है वह उसकी देखभाल भी अवश्य करें।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार विभिन्न लाभकारी योजनाएं चल रही है जिसे आम जनमानस को लाभ मिल रहा है। उन्होंने ओमेक्स में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के बाद राजकीय प्राथमिक विद्यालय खेड़ा में भी पौधारोपण किया और सभी को पर्यावरण की रक्षा किया संकल्प दिलाया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कमल जिंदल,मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष गजराज सिंह बिष्ट, पूर्व मेयर रामपाल सिंह, अनिल चौहान,राम प्रकाश गुप्ता,राकेश सिंह,तरुण दत्ता,शैली फुटेला, भूपेंद्र चौधरी,ज्ञान सिंह चौहान,अंकित नरूला, अजय लूथरा,राज कोली, अमित कालरा, कपिल कालरा, गुरमुख सिंह,सन्नी चुघ, प्रशांत शाही, राजीव अहूजा, सुरेंद्र मिड्डा, सन्नी धवन,बबलू सागर, शिव कुमार शिबू,विजय भान सिंह, निशु शर्मा,चन्दर चुघ,,मनोज मदान, हरीश चौधरी आदि मौजूद रहे।

गांधी पार्क में भी किया पौधरोपण

गांधी पार्क में श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की ओर से आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने पौधारोपण किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राजीव चावला समेत अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

कार्यक्रम

- **विधानसभा अध्यक्ष ने ओमेक्स कालोनी और खेड़ा कालोनी में स्थित प्राईमरी स्कूल में किया पौधरोपण**

घर आए ससुर,साले पर जानलेवा हमला करने का लगाया आरोप

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

कोतवाली क्षेत्र दानपुर निवासी एक युवक ने ससुर और साले पर घर में आकर गाली गलौज करते हुए हमला करने का लगाते हुए पुलिस से मदद की गुहार लगाई। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर भी दी है।

शुक्रवार को दानपुर निवासी करन कुमार पुत्र बच्ची राम परिवार के साथ कोतवाली पहुंचा और उसने एसएसआई अशोक कुमार से मिला। युवक ने एसएसआई को पूरी घटना से अवगत कराया। युवक के मुताबिक 17 जुलाई को करीब 1 बजे ससुर और साले घर पर आए। आरोप है कि दोनों ने उससे दो लाख रुपए की मांग करने लगे। मना करने पर दोनों ने उससे गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। पीड़ित के मुताबिक उसके कपड़े फाड़ दिए। उसका हाथ फैक्चर हो गया।

पीड़ित ने पुलिस को बताया कि पत्नी उससे मायके वालों को रुपए न देने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी देने लगी। पीड़ित ने बताया कि वह रिश्तेदारी में रुपए उधार नहीं देना चाहता। यह लोग जबरदस्ती रुपए मांग रहे। पीड़ित ने पुलिस से उक्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई।

एसएसआई ने पीड़ित की बात सुनने के बाद उसे कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पीड़ित ने पुलिस को नामजद तहरीर भी दी है। फिलहाल इस मामले में पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है।

दुकान से घर जा रहा युवक को जान मारने का प्रयास

रुद्रपुर। कोतवाली पुलिस ने एक महिला की तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। हमलावरों पर महिला के पुत्र को रास्ते में घेर कर जान से मारने के प्रयास का आरोप है। हमलावरों के हाथों में धारदार हथियार समेत अन्य हथियार लिए थे। भूरारानी निवासी सीता देवी पत्नी मदन राम ने पुलिस को बताया कि उसका पुत्र शिव कुमार बाजार की एक दुकान पर काम करता है। 16 जुलाई 2024 की रात करीब 10 बजे अपने दोस्त राजू के साथ घर आ रहा था। फ्लाई ओवर के पास पहुचा ही था कि वहाँ पहले से घात लगाये बैठे फतेह, संदीप, रोहित, दूसरा, संदीप, राहुल, करन, निवासी बिन्दुखेड़ा तथा बादल व रोहित पुत्र विनोद साहनी निवासी भूरारानी ने दोस्त राजू के उपर देसी कटटे, धारदार हाथियार तलवार, कापा, गुप्ती, लोहे की रॉड लेकर पुत्र की ओर जान से मारने की नीयत से दौड़े।

कैबिनेट बैठक में स्वास्थ्य पर लिए ऐतिहासिक फैसले का स्वागत किया

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

राज्य स्तरीय राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य एवं अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अध्यक्षता में किए गए कैबिनेट की बैठक में स्वास्थ्य के क्षेत्र में लिए गए ऐतिहासिक फैसले पर उनका स्वागत किया है। और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत का आभार जाताया है।

भट्ट ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कैबिनेट की बैठक में स्वास्थ्य के क्षेत्र में गरीबों को बड़ी राहत मिली है। स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत के प्रस्ताव पर कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं।

मेडिकल कॉलेज पिथौरागढ़ और हरिद्वार में 240 - 240 नर्सिंग के पदों पर सीधी भर्ती किए जाने का फैसला किया गया है, इसके अलावा सरकार ने ओपीडी, आईपीडी और कई प्रकार के चिकित्सा की रजिस्ट्रेशन शुल्क और एडमिशन चार्ज भी कम किया है, इसके अलावा प्राइवेट वार्ड जनरल वार्ड और

एसी रूम के भी दाम कम करने का निर्णय लिया गया है। साथ ही एंबुलेंस चार्ज भी कम किया गया है, लैब चार्ज में भी लोगों को राहत देने का फैसला लिया गया है।

इसके अलावा सरकारी अस्पतालों में किसी की भी मृत्यु होगी तो एंबुलेंस निशुल्क पार्थिव शरीर को घर तक पहुंचाएगी और यूजर चार्ज समान रूप से लिया जाएगा। भट्ट ने कहा कि धामी की अध्यक्षता में लिए कैबिनेट के फैसले न सिर्फ ऐतिहासिक हैं बल्कि इसका सीधा फायदा आम गरीब लोगों को मिलेगा।

भट्ट ने कहा कि राज्य की भारतीय जनता पार्टी की सरकार राज्य के हर नागरिक तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। भट्ट ने आज लिए गए कैबिनेट की फैसले पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत का आभार जाताया है।

478 दिन जेल में रहने के बाद सगे भाई का हत्यारोपी दोषमुक्त

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

दमवादुंगा काठगोदाम निवासी भूवन चंद आर्य पर उसकी सगी भाभी द्वारा दिनांक 21 मार्च 2023 को उसके पति महेश चंद्र के साथ मारपीट करने वह तोड़फोड़ करने की तहरीर दिनांक 22 मार्च 2023 को थाना काठगोदाम में दी गई।

महेश चंद्र को उक्त घटना में आई गंभीर चोटों का इलाज हल्द्वानी निजी अस्पताल वह बरेली निजी अस्पताल में इलाज चलने के दौरान दिनांक 25 मार्च 2023 को उसका देहांत बरेली अस्पताल में होने के उपरांत पुलिस द्वारा हत्या की धाराओं मे भूवन चंद आर्य को 26 मार्च 2023 को गिरफ्तार का जिला उप कारागार हल्द्वानी में निरुद्ध कर दिया गया पुलिस द्वारा तमाम विवेचना के बाद दिनांक 29-5- 2023 को अभियुक्त के विरुद्ध हत्या की धारा 304 भारतीय दंड संहिता एवं 427 भारतीय दंड संहिता के तहत आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। अभियुक्त का पेरोकर न होने के कारण न्यायालय की प्रोसीडिंग को आगे बढ़ाने के लिए विधिक सेवा के तहत अभियुक्त की पैरवी करने के

लिए न्याय मित्र अधिवक्ता हल्द्वानी बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव राजन सिंह मेहरा को नियुक्त किया गया उक्तवाद में अभियोजन द्वारा अपनी केस को सिद्ध करने के लिए 9 गवाहों को न्यायालय में परीक्षित किया गया तथा अनेक दस्तावेज और मेडिकल साक्षी के साथ-साथ सचमुचित गवाह विधि विज्ञान डॉक्टर आदि को पेश किया अभियुक्त की ओर से पैरवी कर रही है अधिवक्ता राजन सिंह मेहरा द्वारा अभियोजन द्वारा पेश गवाह से प्रति परीक्षा करने पर गवाहों के बयानों में अत्यधिक विरोधाभास लाने में सफलता प्राप्त की तदुपरांत अभियोजन और अभियुक्त की ओर से पैरवी कर रहे हैं अधिवक्ता राजन सिंह मेहरा के दलील नजीर को मध्य नजर रखते हुए न्यायालय प्रथम अपर जिला जज अमनिंदर सिंह द्वारा अभियुक्त को लगाए गए आरोपों से दोषमुक्त कर दिया गया।

सल्ट में कांग्रेस ने फूंका सरकार का पुतला

अल्मोड़ा। दिल्ली में स्थापित होने वाले केदारनाथ मंदिर के विरोध में सल्ट में कांग्रेस ने सरकार का पुतला जलाया। उन्होंने इसे प्रदेश के लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ बताया। बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ता ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में मुख्य बाजार में एकत्र हुए और प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ दिन पूर्व केदारनाथ मंदिर से 228 किलो सोना निकालकर पीतल लगा दिया गया। अब सरकार केदारनाथ मंदिर को ही दिल्ली में स्थापित कर रही है। खुद सीएम दिल्ली में बनने वाले केदारनाथ मंदिर के भूमिपूजन में शामिल हुए। यह कृत्य प्रदेश की जनता की आस्था के साथ खिलवाड़ है। वहां पर शोबन सिंह, दयाकृष्ण भट्ट, नारायण सिंह रावत, घनानंद शर्मा, मदन सिंह, विशन दत्त, हरी सिंह, गोपाल सिंह आदि थे।

SHEMFORD
SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliated to CBSE New Delhi

आओ एक पौधा लगाएं, धरती बचाएं।

CBSE Categorizes it as Category-A School 2018-19 & 2019-20

WHERE EVERY CHILD IS A SHEMSTAR

Advocate-Daya Sagar Bisht
Chairman

Jaipur Beesa, Motahaldu, Bareilly Road, Haldwani, Nainital-263139
Te.: 7060174888, 7060182888, 9582120328, 9837458601
shemfordhaldwani@gmail.com, www.shemfordhaldwani.com